आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 08.10.2020

आरेडिका में कोविड–19 वैश्विक महामारी रोकने के लिए जागरूकता अभियान एवं शपथग्रहण का आयोजन

कोविड–19 वैश्विक महामारी के कारण भारतवर्ष ही नहीं अपितु पूरा विश्व प्रभावित है। इस विषय में माननीय प्रधानमंत्री ने नागरिको को कोविड–19 के खिलाफ एकजुट होकर लडने के लिए आज दिनांक 08.10.2020 से जन–आंदोलन शुरू किया है।

कोविड–19 महामारी से संबंधित भारत सरकार एवं रेल मंत्रालय द्वारा जारी किये गये दिशानिर्देशों के अनुपालन में एमसीएफ के प्रशासनिक भवन, कारखाना परिसर एवं आवासीय परिसर एवं एमसीएफ चिकित्सालय में भी 'शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया।

महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि कोविड–19 वैश्विक महामारी की लडाई में सभी सहयोग करें। मास्क और सुरक्षित दूरी बनाये रखें। यह लडाई हर किसी की जिम्मेदारी हैं। कोविड–19 से संबंधित सभी नियमो का पालन करने और सभी सावधानियों को अपनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर लोगों को कोविड–19 महामारी से बचाव एवं जन–जागरूकता के लिए पोस्टर एवं बैनर लगाये गए साथ ही रेल मंत्रालय द्वारा जारी किये गये जिंगल को एमसीएफ में विभिन्न स्थानो पर चलाया गया तथा बैनर पोस्टर को डिजिटल माध्यम के द्वारा प्रदर्शित किया। इसके तहत फेसबुक ट्विटर और इंस्टाग्राम आदि सोशल मिडिया के माध्यम से जन–जागरूकता का कार्य किया जा रहा है जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगो को इस महामारी से जागरूक किया जा सकें।

08/10/2020

(वी. के. दूबे)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी